फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जयपुर–द्वितीय (सांगानेर) जयपुर

गोपीदेवी बनाम कालू

प्रार्थना पत्र संख्याः 229 / 2020

क्रम संख्या	दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	06.12.2024	पत्रावली पेश हुयी। उभयपक्ष उपस्थित । उभयपक्ष अधिवक्ता की बहस राजीनामा सुनी गयी। दौराने बहस उभयपक्षकार ने राजीनामा को रिकार्ड पर लेकर वाद को डिक्री किये जाने का निवेदन किया। बहस उभयपक्ष व राजीनामा का अवलोकन किया गया। अवलोकन करने पर पाया कि वर्तमान राजस्व रिकार्ड प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 3 के नाम दर्ज रिकार्ड है जबकि प्रस्तुत राजीनामा में प्रतिवादीगण ने उक्त भुमि के खसरा नम्बर 1180 / 1 रकबा 0.10 है० में वादीगण के नाम दर्ज होना अंकित किया है जबकि उक्त खसरा नम्बर राजस्व रिकार्ड में प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 3 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। राजीनामा अनुसार उक्त खसरा नं. 1180 / 1 प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 3 के ही रहेगी। प्रकरण में किसी भी प्रकार की कार्यवाही अपेक्षित नही है। । उभयपक्ष के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। उभयपक्षकारान की ओर से प्रस्तुत राजीनामा को शामिल पत्रावली किया जाकर वादी का वाद का निस्तारण किया जाता है। पलावली दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । निर्णय आज दिनांक 06.12.2024 को सुनाया गया। (हिम्मत सिंह) आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी जयपुर–द्वितीय (साँगानेर), जयपुर	